परेड गांउड में हुआ जल भराव।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली व पानी के बिल माफ करने को मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के पानी व बिजली के बिल माफ किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है और इस पर शीघ्र ही कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है। राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश वैध ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा गया है कि मलिन बस्तियों में अधिकतर लोग सफाई कर्मचारियों है और उनका परिवार निवास करते हैं जो कि काफी गरीब लोग हैं उपर से इन सफाई कर्मचारियों का कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौरान वेतन भी काटा जा रहा है।

### सरकार परिवहन व्यवस्था चलाने में पूर्ण रूप से विफल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष विजय कुमार बौडाई ने कहा है कि लॉकडाउन पूरा होने के बाद जब सरकार ने कुछ उद्योगों को खोलने और लोंगो को आवागमन में छूट प्रदान की लेकिन तब से लगभग डेढ माह का समय व्यतीत हो गया है और सरकार परिवहन व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने में पूरी तरह से विफल रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प पडी है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के कर्मचारियों को पिछले दो माह का वेतन नहीं मिला है।

### पेट्रोलियम पदार्थो के बढ़ते दाम चिंता का विषय

**संवाददाता** देहरादून। देशभर में पेट्रोल और डीजल के बढ़ते मूल्यों ने उपभोक्ताओं की मुसीबत को और बढ़ा दिया है और 17 दिन मे ही 15 प्रतिशत दाम बढ़ना एक चिन्ता का विषय है। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को लूट की छूट दे रखी है जिस कारण वह मनमानी कर रहे।तीन माह पूर्व जब अन्तराष्ट्रीय बाजार मे कच्चे तेल के दाम लगभग शून्य के बराबर हो गये थे तब इन कंपनियों ने दाम नही घटाये और अपने खजाने भरते रहे,सरकार की नींद खुली तो उसने रूपये 10 का लाभ कर लगाकर कुछ लाभ अपनी झोली मे डाल लिया।

### श्रम कानून के निलंबन व संशोधन को लेकर धरना

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का प्रमुख मांगो में श्रम कानून के निलंबन व संशोधन का विरोध तथा उप्पा कानून के दुरुप्रयोग के विरुद्ध धरना 41 वें दिन जारी रहा। इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकारों के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इसलिए पूंजीपतियों के हितों के लिए ही काम कर रही है।

## पेट्रोलियम पदार्थो में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ कांग्रेस अब 25 को उतरेगी सड़कों पर

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा लगातार पेट्रोलियम पदार्थों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ 25 जून को पूर्वाहन साढ़े ग्यारह बजे राजधानी में मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा और इस अवसर पर सोशल डिस्टेसिंग का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और इसकी शुरूआत 25 जून को पूर्वाहन साढ़े ग्यारह बजे की जायेगी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट होने के बावजूद भारतवर्ष में पेट्रोल एवं डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विरोध का बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में 25जून को राजधानी देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कि देश में लगातार 16वें दिन केन्द्र सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढोत्तरी को जारी रखते हुए इस कोरोना काल में आर्थिक रूप से परेशान जनता के ऊपर बडी मार की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में तेल की बढी हुई कीमतों से जनता त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रही है, परन्तु केन्द्र व राज्य सरकार पूरी तरह से तेल कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से चुप्पी साधे हुए है।

# उत्तराखंड में कोरोना का प्रसार थमने का नहीं ले रहा नाम

**कहर**

उत्तराखंड में दो बजे तक कोरोना के 103 नए मामले | कुमाऊं में मंगलवार को 48 नए मामले सामने आए

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का प्रसार थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिन–ब–दिन मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। प्रदेश में मंगलवार को 103 नए मरीज मिले हैं, जबकि सहारनपुर निवासी एक शख्स की दून अस्पताल में मौत हो गई है। प्रदेश में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2505 हो गई। वहीं, 1541 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। इसके साथ ही गढ़वाल व कुमाऊं मंडल में अलग–अलग अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर में 920 मरीज अभी भर्ती हैं। इसके अलावा कोरोना पॉजिटिव 15 मरीज अन्य राज्यों में जा चुके हैं। वहीं, अब तक 29 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। मंगलवार को दोपहर दो बजे की स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कुमाऊं में 46 और लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। प्रदेश में कोरोना की दस्तक के 100 दिन बीत चुके हैं। अब स्थिति यह है कि लंबे समय तक संक्रमण से अछूते रहे या एकबारगी कोरोना मुक्त हो चुके जिलों में भी संक्रमित मरीजों का आंकड़ा सौ से अधिक हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के 13 जिलों में से सात ऐसे हैं, जहां कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या एक सौ से अधिक है। इनमे भी देहरादून में सबसे अधिक मरीज हैं। वहीं, टिहरी दूसरे तो नैनीताल तीसरे पायदान पर है। इसके बाद हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, अल्मोड़ा और पौड़ी हैं।

**सीएचसी इमलीखेड़ा तीन दिन के लिए बंद:** इमलीखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक वार्ड ब्वॉय समेत सात लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। संक्रमित लोगों में एक टीबी का मरीज भी है। वार्ड ब्वॉय और टीबी के मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री न होने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने तीन दिन के लिए इमलीखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर दिया है।

**चंडीगढ़ स्थित लैब को सैंपल भेजने पर फिलहाल रोक:** कोरोना जांच के लिए चंडीगढ़ स्थित लैब, सीएसआइआर इम्टेक को फिलहाल सैंपल नहीं भेजे जाएंगे। इस पर अभी रोक लगा दी गई है। दून के 17 स्वास्थ्य कर्मियों की स्थानीय स्तर पर कराई गई जांच की रिपोर्ट चंडीगढ़ स्थित लैब से अलग आने के बाद यह निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में सीएसआइआर इम्टेक को पत्र भेजकर स्वास्थ्य कर्मियों की रिपोर्ट पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

कोविड–19 सैंपलों की जांच में तेजी लाने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने श्रीनगर मेडिकल कालेज के लिए अत्याधुनिक कोबस 6800 सिस्टम मशीन को खरीदने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### दून अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज की मौत

कोरोना संक्रमित सहारनपुर निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति की दून अस्पताल में मौत हो गई है। उन्हें एक दिन पहले टर्नर रोड स्थित एक अस्पताल में गुर्दों के संक्रमण के चलते भर्ती कराया गया था। दून अस्पताल में उन्हें मंगलवार अलसुबह तीन बजे लाया गया, जहां उनकी सात बजे मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन व्यक्ति के शव को सुपुर्द–ए–खाक करा रहा है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे

**श्रद्धासुमन**

■सीएम ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। वह अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। राजनीति एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनका अहम योगदान रहा।



उन्होंने कहा कि वह अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अखंड एवं एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उन्होंने एक देश एक विधान पर हमेशा से बल दिया। उन्होंने कहा कि धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया।

**डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद:** एक देश एक विधान एक निशान एक प्रधान के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी विचारक महान शिक्षाविद अंत्योदय को देश की प्रगति का आधार मानने वाले स्वर्गीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं ने सभी 100 वार्डों के एक सौ अस्सी शक्ति केंद्रों पर लगभग चार हजार कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया। इस अवसर पर जिसमें संघ पृष्ठभूमि के लोगों भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों महानगर पदाधिकारियों दायित्व धारियों विधायकों एवं मंडल स्तर के 90 पदाधिकारियों ने स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## किसान सभा का जिला मुख्यालय में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय किसान सभा उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं ने कृषि के निगमीकरण के खिलाफ ,आय सहायता, स्वास्थ्य, भोजन सुरक्षा व न्यूनतम समर्थन मूल्य व वेतन की मॉग को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और कहा कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। यहां अखिल भारतीय किसान सभा उत्तराखण्ड ने आज कोरोना वायरस कोविड 19 के तहत प्रभावितो को जीवन के अधिकार के तहत आज जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया और इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जिसमें सभी 23 करोड़ गैर करदाताओं को छह महीने तक 7500 रूपये दिया जाए ,प्रत्येक व्यक्ति को छह माह तक 10 किलो राशन दिये जाये और सभी कोविड पीडितों को स्वास्थ्य सुचारु ,मुफ्त ईलाज , सी 2'50 प्रतिशत लागत से डेढ़ गुना दो तथा गारंटीयुक्त खरीद हे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।